## Subject matter and Definition of Social Psychology

## स० मनोविज्ञान की परिभाषा एवं विषयवस्तु

समाज मनोविज्ञान की मान्यता मनोविज्ञान में 1908 में मानी गयी है। William McDougall ने समाज मनो० सबसे महत्वपूर्ण text book (Introduction to Social Psychology) प्रकाशित किया। विभिन्न मनोवैज्ञानिकों के विचारों से स्पष्ट हो जाता है कि समाज मनो० की विषयवस्तु सामाजिक अन्तःक्रिया (Social interaction) है। सामाजिक अन्तःक्रिया से तात्पर्य दो या दो से अधिक व्यक्तियों के बीच वाली अन्तःक्रियाओं से होता है लगभग सभी समाज मनोवैज्ञानिकों ने अपनी-अपनी परिभाषाओं में सामाजिक अन्तःक्रिया को केन्द्र मानकर समाज मनोविज्ञान के स्वरूप की व्याख्या करने की कोशिश की है।

(समाज मनो० की परिभाषा पहले आपलोगों को दे चुका हूँ)

---

## Social Behaviour – Nature and Levels of Analysis

## सामाजिक व्यवहार: स्वरूप एवं विश्लेषण का स्तर

समाज मनो० सामाजिक परिस्थितियों में व्यक्ति के व्यवहारों का अध्ययन का विज्ञान है। ऐसे व्यवहार को सामाजिक व्यवहार कहा जाता। समाज व्यवहार से तात्पर्य व्यक्ति के भाव, क्रिया तथा चिन्तन आदि से होता है। समाज मनोवैज्ञानिक समाज व्यवहार के स्वरूप, कारणों सामाजिक व्यवहारों का विश्लेषण पर अत्यधिक बल देते हैं। सामाजिक व्यवहारों के विश्लेषण के ऐसे स्तरों को निम्नलिखित पाँच भागों में विभाजित किया गया है।

(1) अन्य लोगों की विशेषताएँ एवं व्यवहार (Behaviour and characteristics of others)

(2) सामाजिक संज्ञान (Social Cognition)

(3) पर्यावरणी (Environmental variables)

(4) सामाजिक सांस्कृतिक कारक (Socio cultural factors)

(5) जैविक कारण (Biological factors)

## समाज मनोविज्ञान का कार्य क्षेत्र

## Scope of Social Psychology

समाज मनो० में सामाजिक व्यवहार के बहुत से पहलुओं का अध्ययन किया जाता है। सामाजिक परिस्थिति में किए जाने वाले व्यवहारों को Social Behaviour कहा जाता है। सामाजिक व्यवहार के भिन्न2 पहलू आपस में मिलकर समाज मनोविज्ञान के कार्य क्षेत्र का निर्माण करते है। सामाजिक व्यवहार के प्रमुख पहलुओं की जो आधुनिक समाज मनोविज्ञान के मुख्य कार्य क्षेत्र है निम्नलिखित है।

(1) मनोवृति (Attitude)
(2) सामाजिक प्रत्यक्षण (Social perception)
(3) पूर्वाग्रह तथा विभेद (Prejudice and discrimination)
(4) अन्तर्वैयक्तिक आकर्षण (Interpersonal attraction
(5) जनमत तथा प्रचार (Public opinion and Propaganda
(6) नेतृत्व (Leadership
(7) सामाजिक प्रभाव (Social Influence)
(8) परोपकारिता आक्रमणशीलता, सहयोग एवं प्रतिद्वंदता
(9) अफवाह (Rumour)
(10) समूह प्रभाव (Group Influence

---